भारत सरकार

भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय

भारी उद्योग विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1670

मंगलवार, 12 मार्च, 2013

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड को महारत्न का दर्जा

1670. श्री ए. इलावरासन:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) को महारत्न का दर्जा देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है;

(ख) यदि हां , तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या प्रदान किया गया नया दर्जा भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड के विकास के लिए नए रास्ते खोलने और सभी अवसरों को भुनाने में भी सहायक होगा; और

(घ) यदि हां , तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री

(श्री प्रफुल पटेल)

(क) और (ख): जी हां, भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) को लोक उद्यम विभाग के दिनांक 1 फरवरी, 2013 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 22(1)/2009-जीएम के द्वारा महारत्न का दर्जा दे दिया गया है ।

(ग) और (घ): जी हां, महारत्न दर्जे के तहत प्रदत्त शक्तियों के बढ़ने से बीएचईएल को अपने निम्नलिखित दीर्घकालिक उद्देश्यों को प्राप्त करने में मदद मिलेगी :

-- बड़े आकार की विद्युत परियोजनाओं में समान भागीदारी के बड़े अवसर प्राप्त करना ;

-- परिवहन, पारेषण, विद्युत और उर्जा क्षेत्रों में विलय और अधिग्रहण के अवसर प्राप्त करने की कोशिश करना ;

-- रक्षा और निर्यात सहित अपने कारोबार को बढ़ाना ;

-- नई संस्थाओं के निरीक्षण/प्रबंधन हेतु वरिष्ठ स्तर के कार्यपालकों को नियुक्त करना ।

*****